दिन– शुक्रवार | दिनांक– 15 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्र आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

02. श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना समेत आत्मनिर्भर भारत के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में ध्वजारोहण किया। राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारंभिक चरण का शुल्क मात्र सौ रूपये करने की घोषणा की।

04. और, पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्द्धमान में सड़क हादसे में पूर्वी चम्पारण जिले के ग्यारह लोगों की मौत। चौंतीस घायल।

————————————————————

राष्ट्र आज 79वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के नायकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सैन्य बलों के साहस और शौर्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुली छूट दी।

———बाईट———

22 तारीख के बाद हमने हमारी सेना को खुली छूट दे दी। रणनीति वो तय करें, लक्ष्य वो तय करें, समय भी वो चुने और हमारी सेना ने वो करके दिखाया, जो कई दशकों तक कभी हुआ नहीं। सैकड़ो किलोमीटर दुश्मन की धरती पर घुस करके आतंकी हेडक्वार्टस को मिट्टी में मिला दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब फैसला कर लिया है कि लहू और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने अब समझ लिया है कि सिंधु जल समझौता अनुचित था और भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा।

———बाईट———

भारत ने तय कर लिया है, न्यूक्लियर के धमकियों को अब हम सहने वाले नहीं हैं। न्यूक्लियर ब्लैकमेल लंबे अरसे से चला आया है। अब ब्लैकमेल नहीं सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने यह कोशिश जारी रखी, हमारी सेना तय करेगी, सेना की शर्तों पर सेना जो समय निर्धारित करे उस समय पर, अब हम अमल में लाकर के रहने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

———बाईट———

अब देश सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च करेगा। ये मिशन सुदर्शन चक्र एक पावरफुल वैपन सिस्टम दुश्मन के हमले को न्यूटीलाइज तो करेगा ही करेगा, लेकिन कई गुना ज्यादा दुश्मन पर हिट पैक करेगा। आने वाले 10 सालों में हम उसको प्रखरता से आगे बढ़ना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण क्षेत्रों में देश की प्रगति का उल्लेख किया। श्री मोदी ने एक लाख करोड़ रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की।

———बाईट———

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज ही 15 अगस्त को लागू हो रही है। यह आपके लिए खुशखबरी है। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवान को, बेटे–बेटी को 15 हजार रूपये सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। कंपनियों को भी नए रोजगार देने के अवसर जो भी ज्यादा जुटाएगा, उनको भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि आगामी दीपावली तक अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों और मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

———बाईट———

पिछले 8 साल से हमने जीएसटी का बहुत बड़ा रिफॉर्म किया, पूरे देश में टैक्स के बर्डन को कम किया, समय की मांग है, कि हम एक बार इसको रिव्यू करें, हमने हाई पावर कमेटी को बिठाकर के रिव्यू शुरू किया, राज्यों से भी विचार विमर्श किया। हम नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लेकर के आ रहे हैं, ये दिवाली के अंदर आपके लिए तोहफा बन जाएंगे, सामान्य मानवीय की जरूरत के टैक्स भारी मात्रा में कम कर दिए जाएंगे।

प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों को लागू करने के लिए एक प्रतिबद्ध सुधार कार्यबल बनाने की भी घोषणा की।

———बाईट———

नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के लिए हमने एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। यह टास्क फोर्स समय सीमा में इस काम को पूरा करें। वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां 21वीं सदी के अनुकूल, वैश्विक वातावरण में अनुकूल और भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में नए सिरे से तैयार हो और उसका समय सीमा में अपना कार्य पूरा करने के लिए इस टास्क फोर्स की रचना की है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस साल के अंत तक मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप्स शुरू करेगा, जो महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

———बाईट———

आज सेमीकंडक्टर जो पूरी दुनिया की एक ताकत बन गया है। हमारे बाद कई देश सेमीकंडक्टर में आज महारत हासिल करके दुनिया में अपनी ताकत को प्रस्थापित कर रहे हैं। आज हमने उस बोझ से मुक्त होकर के मिशन मोड में सेमीकंडक्टर के काम को आगे बढ़ाया है। 6 अलग–अलग सेमीकंडक्टर के यूनिट्स जमीन पर उतर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने पिछले एक सौ वर्षों से राष्ट्र सेवा के प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि हजारों स्वयंसेवकों ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ देश के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। स्वाधीनता दिवस समारोह राष्ट्रीय गान के साथ संपन्न हुआ और अंत में राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों वाले गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। एक रिपोर्ट –

–––रिपोर्ट–––

इस साल स्वतंत्रता दिवस समारोह का थीम नये भारत पर आधारित था, जो देश की प्रगति, आत्मनिर्भरता और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को दर्शाता है। श्ऑपरेशन सिंदूरश की सफलता इस वर्ष के समारोह का मुख्य आकर्षण था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के बाद, सशस्त्र बलों और दिल्ली पुलिस के जवानों ने उन्हें सलामी दी और उसके बाद प्रधानमंत्री ने गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान वायुसेना के दो एमआई–17 –हेलिकॉप्टर ष्ऑपरेशन सिंदूरष को दर्शाने वाले ध्वज के द्वारा, समारोह एक राष्ट्रीय ध्वज लिये और दूसरा स्थल पर पुष्प वर्षा की गई। स्वतंत्रता दिवस के इस समारोह में, करीब पांच हजार विशेष अतिथि शामिल हुए, जिनमें स्पेशल ओलंपिक्स 2025 के एथलीट, खेलो इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता, उत्कृष्ट किसान, सरपंच और सरकारी योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना ग्रामीण और लखपति दीदी की लाभार्थी महिलाएं भी शामिल थी। इसके अलावा एक हजार पांच सौ लोग, विभिन्न राज्यों की पारंपरिक परिधान पहने, इस भव्य समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––

स्वतंत्रता दिवस पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए नौकरी और रोजगार पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अगले पांच वर्ष में नौकरी और रोजगार के एक करोड़ अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बिहार लोक सेवा आयोग और अन्य परीक्षा संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारंभिक चरण की फीस कम कर मात्र सौ रूपये करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि अब मुख्य प्रतियोगी परीक्षा के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा।

–––बाईट–––

मुख्यमंत्री ने किशनगंज, कटिहार, रोहतास, शिवहर, लखीसराय और अरवल जिले में नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की भी घोषणा की। श्री कुमार ने स्वास्थ्य, शिक्षा तथा कानून व्यवस्था के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बुनियादी ढांचा विकास, बाढ़ की रोकथाम और कृषि क्षेत्र को

विशेष पैकेज के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

———बाईट———

————————————————————————————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में झंडोत्तोलन किया। विधानसभा परिसर में अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद में सभापति अवधेश नारायण सिंह और पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश विपुल मनुभाई पंचोली ने ध्वजारोहण किया। आकाशवाणी पटना में सहायक निदेशक–अभियांत्रिकी उदय शंकर ने झंडोत्तोलन किया। भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों और संस्थाओं के कार्यालयों में भी इस अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में अध्यक्ष अनिल सुलभ और इनर्जी इंटरनेशनल कार्यालय में संस्था के अध्यक्ष विजय नारायण झा ने तिरंगा फहराया। सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑगेनाईजेशन पटना में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के कार्यकर्ता अजीत कुमार झा ने ध्वजारोहण किया। जिला मुख्यालयों में आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्रियों ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————————————

जम्मू–कश्मीर के उरी सेक्टर में शहीद हुये सेना के हवलदार अंकित कुमार का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव भागलपुर जिले के चापर में किया गया। उनके चार वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दी। बाढ़ प्रभावित इलाका होने के बावजूद उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी अंतिम संस्कार में शामिल हुये।

————————————————————————————

पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्द्धमान में नाला फेरी घाट के पास सड़क हादसे में ग्यारह लोगों की मौत हो गयी और चौंतीस अन्य घायल हो गये। सभी मृतक और घायल  पूर्वी चम्पारण जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि तीर्थ यात्रियों से भरी एक बस गंगा सागर से लौट रही थी। नाला फेरी घाट के पास बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकरायी, जिस कारण यह हादसा हुआ। घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताते हुये सभी मृतकों के निकटतम आश्रितों को दो–दो लाख रूपये और घायलों को पचास–पचास हजार रूपये अनुग्रह राशि देने के निर्देश दिये हैं।

————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया की उन खबरों का खंडन किया है कि जिसमें कहा जा रहा था कि वे एनडीए से अलग होने जा रहे हैं। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं वे एनडीए से अलग होने का सोच भी नहीं सकते हैं।

———बाईट———

————————————————————————

गंगा नदी के उफान पर रहने के चलते प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। दस जिलों की तीस लाख से अधिक की आबादी बाढ़ की चपेट में हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य में मॉनसून की अनुकूल परिस्थितियां नहीं रहेगी। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्र आज उनासीवां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

02. श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना समेत आत्मनिर्भर भारत के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के गांधी मैदान में ध्वजारोहण किया। राज्य सरकार की प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रारंभिक चरण का शुल्क मात्र सौ रूपये करने की घोषणा की।

04. और, पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्द्धमान में सड़क हादसे में पूर्वी चम्पारण जिले के ग्यारह लोगों की मौत। चौंतीस घायल।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।